प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा– कल से लागू हो रहे अगली पीढो के जीएसटी सुधार, बचत उत्सव : हर वर्ग आसानी से खरीद सकेगा जरुरत की चीजें।
2. प्रधानमंत्री ने देश की समृद्धि के लिए स्वदेशी को बताया जरुरी : आत्मनिर्भर, विकसित भारत के लिए लोगों से की भारतीय उत्पादों को अपनाने की अपील।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– विकसित उत्तर प्रदेश के लिये राज्य सरकार जीडीपी बढ़ाने पर दे रही है विशेष बल : युवाओं से सकारात्मक दिशा में ऊर्जा लगाने का किया आह्वान।

और

4. शारदीय नवरात्र का 10 दिवसीय पर्व कल से होगा शुरू : प्रमुख शक्तिपीठों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के विशेष इंतजाम।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल स लागू हो रहे अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से पहल, आज देश को संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी बचत उत्सव कल से शुरू होगा। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्र की विकास गाथा इन

सुधारों के साथ बदल जाएगी। लोग कम कीमत पर अपने पसंद के सामान खरीद सकेंगे। बाइट....

*कल यानि नवरात्री के प्रथम दिवस 22 सितंबर को सुर्योदय के साथ ही Generation GST Reforms लागू हो जाएं। एक तरह से कल से देश में GST चत उत्सव शुरू होने जा रहा है। इस GST बचत उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजों को और ज्यादा आसानी से खरीद पायेंगे। हमारे देश के गरीब, मध्यम वर्गीय लोग, लो मिडल क्लास, युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार, व्यापारी, उद्यमी, सभी को ये बचत उत्सव का बहुत फायदा है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि कर बोझ को आसान बनाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाए हैं। मध्यम वर्ग के लोगों को दोहरा फायदा होगा। अब उन्हें सामानों और वाहनों के लिए कम खर्च करना पड़ेगा। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार नागरिक देवो भव के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने लोगों से स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने की अपील की। बाइट......

*देश की स्वतंत्रता को जैसे स्वदेशी के मंत्र से ताकत मिली वैसे ही देश की समृद्ध को भीस्वदेशी के मंत्र से ही शक्ति मिलेगी। आज जाने अंजाने हमारी रोजमर्रा की जिंदगीमें बहुत सी विदेशी चीजे जुड़ गई है हमें इन से भी मुक्ति पानी होगी। हम वो सामानखरीदें जो मेड इन इंडिया जिसमें हमारे देश के नवजवानों की मेहनत लगी, हमें हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य सरकारों से अनुरोध किया कि वे 'आत्मनिर्भर भारत' और स्वदेशी अभियान में शामिल हों और अपने राज्यों में उत्पादन बढ़ाकर निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि

जब केन्द्र और राज्य मिलकर काम करेंगे, तो 'आत्मनिर्भर भारत' का सपना साकार होगा।

———————————

जी.एस.टी.की नई दरें आज आधी रात से लागू हो रही हैं। आम लोगों को राहत देने के लिए उपभोक्ता वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर दरों में कमी की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से, जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। एक रिपोर्ट.....

*जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। जीएसटी परिषद ने आम आदमी, श्रम–प्रधान उद्योगों, किसानों और कृषि, को ध्यान में रखते हुए ये निर्णय लिया है । नए ढांचे के तहत, उच्च तापमान वाले दूध, छेना, पनीर, पिज्जा ब्रेड और चपाती सहित खाद्य पदार्थों पर कोई कर नहीं लगेगा। ट्रैक्टर, कटाई मशीनरी और खाद बनाने वाली मशीनों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। नई कर दरें कल से लागू होंगी। शिवांग के साथ आदित्य, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में 'विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश 'विजन–2047' पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना के अनुरूप प्रदेश 'विकसित उतर प्रदेश विजन 2047' पर काम कर रही है। श्री योगी ने प्रदेशवासियों से

आह्वान किया कि सरकार द्वारा जारी 'विकसित उतर प्रदेश विजन 2047' के क्यूआर कोड को मोबाइल में स्कैन कर अपने सुझाव जरूर दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की जीडीपी बढ़ाने पर विशेष बल दे रही है, ताकि इस साल के अंत तक इसे 36 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचाया जा सके।

इससे पहले मुख्यमंत्री श्री योगी ने लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर नशा मुक्ति की जागरूकता के लिये नमो मैराथन– नमो युवा रन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने नशे को नैतिक पतन और विनाश का कारण बताते कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक की दिशा में करना चाहिये। बाइट......

*हमें अपने नगर को, अपने गांव को, अपने कस्बे को भी विकसित बनाना है और विकसित होने की कुंजी है, आत्मनिर्भरता में। आत्मनिर्भरता की कुंजी है, स्वस्थ समाज में, स्वस्थ समाज की कुंजी है, इस प्रकार के नमो मैराथन जैसे कार्यक्रमों के साथ जुड़ने से, आज हमारी युवा शक्ति अपनी ताकत और अपने सामर्थ्य का परिचय देश और दुनिया को प्रदान कर रही है।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

सेवा और सुशासन, के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला– सेवा पर्व में, हम चर्चा करेंगे कि कैसे मोदी सरकार ने यूपीआई क्रांति का नेतृत्व किया और डिजिटल भुगतान को सभी के लिए सहज, सुरक्षित और सुलभ बनाया।......

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत में तकनीकी क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। यूपीआई यानि एकीकृत भुगतान प्रणाली भी इस परिवर्तन का प्रमुख हिस्सा है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने वर्ष 2016 में शुरू किए यूपीआई के माध्यम से कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में एकीकृत कर देश की भुगतान व्यवस्था में क्रांति पैदा कर दी है। यह प्रणाली निर्बाध धन अंतरण, व्यापारिक भुगतान और सामान्य डिजिटल लेनदेन को सक्षम बनाती है।*

*यूपीआई ने आम नागरिकों और व्यापारियों दोनों के लिए एक सहज, सुरक्षित और सुलभ मंच प्रदान करते हुए, वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहन देने और देश को नकदी रहित अर्थव्यवस्था को बढावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुकेश कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

——————————

सेवा पखवाड़ा के तहत देशभर के सिनेमाघरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से प्रेरित शार्ट फिल्म चलो जीते हैं दिखाई जा रही है। गाज़ियाबाद में भी बड़ी संख्या

में लोग इस लघु फिल्म को देखने पहुंच रहे हैं। गाजियाबाद की रहनी वाली रश्मि सिन्हा ने फिल्म देखने के बाद कहा कि ये फिल्म हर वर्ग के लिए प्रेरक है। बाइट.....

*चाहते हैं कि मोदी जीकी तरह सबको होना चाहिए, डेडिकेशन अपनी देश सेवा के लिए डेडिकेटेड रहें और जिसके लिए करें पूरे डेडिकेशन के साथ करें, जीवन में हारना तो बिल्कुल नहीं चाहिए संघर्ष करके आप आगे बढ़िये और आपको जरूर सफलता मिलेगी।*

————————

शारदीय नवरात्र का 10 दिवसीय पर्व कल से शुरू हो रहा है। इस क्रम में प्रदेशभर की प्रमुख शक्तिपीठों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिय विशेष प्रबंध किये जा रहे हैं। भारत–नेपाल सीमा से सटे बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित देवी पाटन शक्तिपीठ में मंडलायुक्त ने मेला परिसर का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न प्रबंधों का जायजा लिया। मिर्जापुर जिले में स्थित प्रसिद्ध मां विन्ध्याचल शक्तिपीठ में आज रात से शारदीय नवरात्र मेला शुरू हो रहा है। इस सिलसिले में प्रशासन और धर्मार्थ संस्थाओं ने तैयारियां पूरी कर ली है। एक रिपोर्ट.....

*प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल में शारदीय नवरात्र मेला आज मध्य रात्रि से शुरू हो जायेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर पूरे मेला क्षेत्र को 10 जोन और 21 सेक्टरों में बांटा गया है और यहां जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेटों सहित 2 हजार से भी अधिक पुलिस के जवानों को तैनात कर दिया गया है। चाक चौबंद, सुरक्षा के लिये बाहरी जिलों से भी पुलिस जवान बुलाये गये हैं। शारदीय नवरात्र मेले में विन्ध्य कॉरिडोर की भव्यता और बढ़ गई है। इस दौरान मां विन्ध्यवासिनी का दरबार रंगीन*

*लाइटों, चुनरियों और फूलों से सजा गया है। लोगों की आसानी के लिये 4 प्रमुख मार्ग बनाये गये हैं, ताकि भक्तों को दर्शन पूजन में आसानी रहे। विन्ध्याचल धाम स्टेशन पर एक दर्जन से भी अधिक ट्रेनों के अस्थाई स्टापेज बनाये गये हैं। परिवहन विभाग सीमावर्ती राज्यों और विभिन्न जिलों से विन्ध्य धाम के लिये विषेश बसें भी चला रहा है। एस0एम0 सबा, आकाशवाणी समाचार, मिर्जापुर।*

———————

**भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय 24 सितम्बर से पहली अक्टूबर तक रूस में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का प्रदर्शन आयोजित कर रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इन पवित्र अवशेषों को रूस ले जाने वाले पतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। श्री मौर्य 23 सितंबर को वहां के लिये रवाना होंगे। इस आयोजन में भगवान बुद्ध के पवित्र कपिलवस्तु के पिपरहवा अवशेषों का प्रदर्शन किया जायेगा।**

**(समाप्त)**